राष्ट्रीय संस्करण

# दैनिक जागरण

वर्ष 3 अंक 278

मूल्य ₹6.00, नई दिल्ली, सोमवार, 16 मार्च 2020

www.jagran.com

पृष्ठ 16




कोरोना के टेस्ट में पास हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप >> 13

## सरोकार

### दोबारा जी उठी अयोध्या की ऐतिहासिक तमसा नदी

**अयोध्या :** विलुप्त होने के शोक में 'डूबी' तमसा नदी मनरेगा के दम पर दोबारा जी उठी है।



अयोध्या में हुए इस प्रयास से केंद्र भी गदगद है। तमसा के पुनर्जीवन को दम तोड़ती अन्य नदियों के लिए नजीर बनाने के बारे में भी सोचा जा रहा है। (पेज-11)

## जागरण विशेष

### पहली पीढ़ी ने बनाई फुटबॉल, चौथी बता रही इतिहास

**जालंधर :** सौ से भी अधिक देशों में जालंधर में निर्मित फुटबॉल व वालीबॉल



पहुंचाने वाले निहालचंद खरबंदा की चौथी पीढ़ी हेरिटेज स्पोर्ट्स म्यूजियम के जरिए खेल सामग्री निर्माण के गौरवशाली इतिहास को सहेजने में जुटी हुई है। (पेज-11)

# मध्यप्रदेश में राज्यपाल और सरकार आमने-सामने

**राज्य ब्यूरो, भोपाल**

- राज्यपाल ने दिया आज फ्लोर टेस्ट का निर्देश, सरकार ने किया इन्कार
- पहले दिन की कार्यसूची में फ्लोर टेस्ट शामिल नहीं
- सिर्फ राज्यपाल का अभिभाषण और कृतज्ञता प्रस्ताव पर चर्चा
- दिनभर भोपाल से दिल्ली तक चली सियासी उठापटक



राज्यपाल लालजी टंडन को फ्लोर टेस्ट को लेकर मांग पत्र सौंपते मध्य प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष गोपाल भार्गव (दाएं) और विधायक नरोत्तम मिश्रा (बाएं)। नईदुनिया

मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन सोमवार को कमलनाथ सरकार फ्लोर टेस्ट नहीं कराएगी। रविवार रात जारी विधानसभा की कार्यसूची में इसका उल्लेख नहीं है। राज्यपाल लालजी टंडन ने शनिवार रात को मुख्यमंत्री कमलनाथ को पत्र लिखकर निर्देश दिए थे कि सोमवार को अभिभाषण के ठीक बाद सरकार विधानसभा में विश्वास मत हासिल करे। रविवार को पुनः राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को आदेश दिया कि सदन में हाथ उठाकर मत विभाजन की कार्यवाही हो, विश्वास मत के लिए अन्य कोई तरीका न अपनाया जाए।

इसके बावजूद सरकार फ्लोर टेस्ट नहीं कराने के फैसले पर अड़ी हुई है। इसके लिए वह कोरोना वायरस का खतरा जता सकती है। भाजपा और कांग्रेस ने अपने विधायकों के लिए व्हिप जारी कर दिए हैं। विस भवन के आसपास धारा 144 लागू कर दी गई है। इस बीच, जयपुर से कांग्रेस विधायक रविवार को भोपाल पहुंच गए और गुरुग्राम से भाजपा के विधायक भी देर रात रवाना हो गए थे। फ्लोर टेस्ट को लेकर रविवार को दिन भर संशय बना रहा। देर शाम विधानसभा की कार्यसूची जारी हुई तब जाकर यह स्पष्ट हो पाया कि सोमवार के एजेंडे में फ्लोर टेस्ट का कोई कार्यक्रम नहीं है।

सुबह 11 बजे सत्र की शुरुआत राज्यपाल लालजी टंडन के अभिभाषण से होगी। इससे पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने दोहराया कि वह विधानसभा में शक्ति परीक्षण (फ्लोर टेस्ट) के लिए तैयार हैं, लेकिन जब तक बेंगलुर में बंधक उनके विधायकों को स्वतंत्र नहीं किया जाता, यह नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि इस्तीफे की पुष्टि के लिए विधानसभा अध्यक्ष के सामने विधायकों को पेश होना जरूरी है। स्पीकर के संतुष्ट हुए बगैर फ्लोर टेस्ट कराए जाने का कोई मतलब नहीं है। इस पूरे मामले पर विधानसभा के अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद प्रजापति चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि फ्लोर टेस्ट का फैसला सदन ही करेगा। सदन क्या फैसला लेगा, यह काल्पनिक सवाल है। फ्लोर टेस्ट को भी उन्होंने काल्पनिक सवाल बता दिया।

सक्रिय रही भाजपा पेज>>4

बजट सत्र नहीं होगा स्थगित, मंत्री ने कहा कमलनाथ लेंगे फैसला पेज>>4

### गुजरात में भी टूट रहे कांग्रेस के विधायक, चार का इस्तीफा

**अहमदाबाद :** मध्य प्रदेश के बाद गुजरात में भी कांग्रेस के विधायक टूट रहे हैं। 26 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनाव से पहले पार्टी के चार विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र त्रिवेदी को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। त्रिवेदी ने विधायकों का त्यागपत्र मंजूर कर लिया है। जिन विधायकों ने त्यागपत्र दिया है, उनमें प्रवीण मारू (गढडा), सोमा पटेल (लींबडी), जेवी काकडिया (धारी) और प्रद्युम्न सिंह जाडेजा (कच्छ अबडासा) शामिल हैं। सूत्रों का कहना है कि दो और विधायक- जीतू चौधरी और मंगल गावित भी त्यागपत्र देने के लिए तैयार हैं। टूट-फूट की आशंका से ग्रस्त कांग्रेस ने अपने 14 विधायकों को शुक्रवार को जयपुर भेज दिया था। लेकिन, इसके बावजूद पार्टी के चार विधायकों ने विधानसभा से इस्तीफा दे दिया। (पेज-4)

## न्यूज गैलरी

राज-नीति ▶ पृष्ठ 3

### जम्मू -कश्मीर में जनसांख्यिकी बदलाव का इरादा नहीं : शाह

**नई दिल्ली :** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को भरोसा दिया कि केंद्र सरकार का जम्मू-कश्मीर में जनसांख्यिकी बदलाव का कोई इरादा नहीं है और राज्य का दर्जा यथाशीघ्र बहाल किया जाएगा। शाह ने यह भरोसा उनसे मिलने आए नवगठित 'जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी' के एक प्रतिनिधिमंडल को दिया।

बिजनेस ▶ पृष्ठ 12

### माल खराब हुआ तो इनवॉइस लंबित कर सकेंगे व्यापारी

**कानपुर :** जीएसटी के नए रिटर्न में खरीदार व्यापारी को इनवॉइस निलंबित करने का अधिकार मिलने जा रहा है। इसके तहत मिला माल खराब निकलने पर खरीदार इनवॉइस लंबित कर सकेंगे। अभी तक कारोबारी को खरीदे गए माल के संबंध में शिकायत पर राहत के विकल्प नहीं थे।

अंतरराष्ट्रीय ▶ पृष्ठ 13

### पाकिस्तानी कोर्ट ने इमरान खान को फटकार लगाई

**इस्लामाबाद :** मीडिया की आवाज दबाने का प्रयास कर रही पाकिस्तान की इमरान सरकार को इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई है। अदालत ने पाकिस्तान टेलीकम्यूनिकेशन अथॉरिटी को सोशल मीडिया के लिए बनाए गए नियमों को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

जागरण नेटवर्क ▶ पृष्ठ 15

### अनंतनाग मुठभेड़ में लश्कर और हिजबुल के चार आतंकी ढेर

**जम्मू :** कश्मीर के अनंतनाग जिले में सुरक्षाबलों ने रविवार को हुई एक मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन के टॉप कमांडरों सहित चार आतंकवादियों को मार गिराया। मौके से भारी मात्रा में गोला बारूद भी बरामद हुआ है। वहीं, सुरक्षाबलों ने पूरे क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया है। इसके अलावा एहतियात के तौर पर इंटरनेट सेवाएं भी बंद कर दी हैं।

# महामारी में भी पाकिस्तान को याद आया कश्मीर

**सार्क कांफ्रेंस ▶ मोदी ने किया कोरोना से साझा जंग का आगाज**

### वीडियो कांफ्रेंसिंग में इमरान खान के प्रतिनिधि ने अलापा कश्मीर राग

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली**

- कोविड-19 इमरजेंसी फंड बना, भारत ने दिए एक करोड़ डॉलर
- नागरिकों को निकालने पर बांग्लादेश और मालदीव ने की पीएम मोदी की तारीफ




कोरोना वायरस के तेजी से फैलते संक्रमण को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सार्क देशों के राष्ट्राध्यक्षों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बातचीत की और महामारी से डटकर मुकाबला करने को कहा। एएनआइ

कोरोना वायरस के खिलाफ साझा लड़ाई के मौके पर पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाने से बाज नहीं आया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर सार्क देशों के राष्ट्राध्यक्षों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सम्मेलन के दौरान पाकिस्तान ने कोरोना की आड़ में जम्मू-कश्मीर में जारी प्रतिबंधों का मुद्दा उठाते हुए इसे तत्काल समाप्त करने की मांग की। जबकि सार्क के दूसरे सभी देशों ने मोदी की पहल का स्वागत करते हुए कोरोना के कहर से निपटने के लिए एक-दूसरे की मदद को वक्त की जरूरत बताया। सार्क देशों में कोरोना से निपटने के लिए कोविड-19 इमरजेंसी फंड बनाने की घोषणा करते हुए मोदी ने भारत की ओर से इसमें एक करोड़ अमेरिकी डॉलर (लगभग 74 करोड़ रुपये) देने का एलान किया।

मानवता पर संकट के समय भी कश्मीर का मुद्दा उठाने पर कड़ा एतराज जताते हुए भारतीय विदेश विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा कि इससे एक बार फिर पाकिस्तान का असली चेहरा सामने आ गया है। इससे यह भी साफ हो गया कि पाकिस्तान कोरोना वायरस से आम लोगों की सुरक्षा को लेकर कितना गंभीर है। सम्मेलन में श्रीलंका, नेपाल, मालदीव, भूटान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के राष्ट्राध्यक्ष मौजूद थे। यही नहीं, नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने तो खराब स्वास्थ्य के बावजूद इसमें हिस्सा लिया। लेकिन पाकिस्तान ने प्रधानमंत्री इमरान खान की जगह स्वास्थ्य मामलों के विशेष सहायक जफर मिर्जा को भेज दिया। सम्मेलन के दौरान भी सभी सार्क देश कोरोना से निपटने के लिए साझा रणनीति पर चर्चा कर रहे थे, वहीं पाकिस्तान इससे निपटने में चीन का गुणगान करते हुए उससे सीखने की सलाह देने लगा।

**मोदी ने कहा, भारतीय विशेषज्ञ दल मदद के लिए कहीं भी जाने को तैयार :** जहां एक ओर दुनिया के सभी देश अलग-अलग कोरोना वायरस से जूझ रहे हैं, वहीं भारत ने पहली बार एक क्षेत्रीय समूह की ओर से साझा प्रयास की पहल की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना के खतरे से निपटने के लिए साझा प्रयास की जरूरत बताते हुए कहा कि सार्क देशों में दुनिया की पूरी आबादी का पांचवां हिस्सा रहता है और विकासशील होने के कारण सभी देश स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में चुनौतियों से जूझ रहे हैं। पीएम मोदी ने कोविड-19 इमरजेंसी फंड बनाने के साथ ही कहा कि भारत के विशेषज्ञ डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों व वैज्ञानिकों की टीम सार्क के देशों के कहने पर कहीं भी जाने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि एक हफ्ते के भीतर सार्क देशों में कोरोना से निपटने में जुटे विशेषज्ञों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें वे अपने-अपने अनुभवों को साझा करने के साथ ही एक-दूसरे की मदद करने योग्य मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

उन्होंने कहा कि भारत सार्क के साथी देशों के साथ इस महामारी पर निगरानी के सॉफ्टवेयर को भी साझा करने को तैयार हैं। साथ ही इसके इस्तेमाल की ट्रेनिंग भी दी जाएगी।

सदस्य देशों ने परेशानियां साझा कीं, अपने सुझाव भी दिए पेज>>5

# देश में कोरोना का आंकड़ा 110 पर पहुंचा

- आगरा में कोरोना को लेकर महामारी रोग अधिनियम के तहत पहला केस दर्ज
- महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 32 और केरल में 22 केस सामने आए
- उत्तराखंड में पहला मामला सामने आया, ट्रेनी फॉरेस्ट ऑफिसर संक्रमित

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** देश में कोरोना वायरस के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इस महामारी से देश में महाराष्ट्र सबसे बुरी तरह प्रभावित राज्य बनता जा रहा है। मुंबई में धारा 144 लगा दी गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक पिछले चौबीस घंटे के दौरान महाराष्ट्र में 13 नए और कर्नाटक में एक मामला सामने आया है। उत्तराखंड में स्पेन से लौटे एक ट्रेनी फॉरेस्ट ऑफिसर को भी संक्रमित पाया गया है। राज्य में कोरोना का यह पहला केस है। इनको मिलाकर देश में अब तक कोरोना के 110 पॉजिटिव मामलों की पुष्टि हुई है। उधर आगरा में कोरोना को लेकर महामारी रोग अधिनियम के तहत रेलवे के एक अधिकारी के खिलाफ देश का पहला मुकदमा दर्ज किया गया है। अधिकारी पर अपनी बेटी के बारे में प्रशासन को गुमराह कर संक्रमण की रोकथाम में बाधा उत्पन्न करने का आरोप है। अधिकारी ने प्रशासन से झूठ बोला था कि कोरोना से पीड़ित उसकी बेटी घर नहीं है, जबकि वह घर में ही थी।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक कुल मामलों में वो दो लोग भी शामिल हैं जिनकी मौत हो चुकी है। इनमें कर्नाटक के कलबुर्गी के 76 वर्षीय पुरुष और दिल्ली की 68 साल की महिला शामिल हैं। महाराष्ट्र के बुलढाणा में भी एक संदिग्ध कोरोना पीड़ित की मौत की खबर थी। लेकिन उस बुजुर्ग की कोरोना जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। कोरोना पीड़ित 11 लोग अब तक उपचार के बाद ठीक हो चुके हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक महाराष्ट्र में कोरोना पीड़ितों की संख्या 31 है। लेकिन राज्य के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने यह संख्या 32 बताई है। इसमें औरंगाबाद की 59 साल की एक महिला शामिल है, जिसके कोरोना से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। यह महिला हाल ही में रूस और कजाखस्तान से लौटी थी। महिला की स्थिति स्थिर बताई गई है। टोपे ने कहा कि सरकारी कस्तूरबा अस्पताल में प्रतिदिन 100 सैंपल की जांच की क्षमता बढ़ाकर 350 की जाएगी। महाराष्ट्र में महामारी रोग अधिनियम, 1897 लागू कर दिया गया है। इससे अधिकारियों को लॉकडाउन और क्वारंटाइन जैसे कदम उठाने के लिए और अधिक अधिकार मिल जाते हैं।

महाराष्ट्र के बाद कोरोना से संक्रमितों की सबसे ज्यादा संख्या केरल में है। यहां 22 लोग पॉजिटिव पाए गए हैं। इनमें शुरू के तीन मामले भी शामिल हैं, जो अब ठीक होकर अपने घर जा चुके हैं। उत्तर प्रदेश में 11, दिल्ली में सात, कर्नाटक में सात, लद्दाख में तीन, तेलंगाना में तीन, जम्मू-कश्मीर में दो पॉजिटिव केस मिले हैं। राजस्थान में दो और उत्तराखंड, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और पंजाब में एक-एक मामला दर्ज किया गया है। कुल मामलों में 17 विदेशी भी शामिल हैं, जिनमें 16 इटली के और कनाडा का एक नागरिक शामिल है।

लोगों से शांत रहने की अपील पेज>>6

## डेबिट-क्रेडिट कार्ड के लिए नए नियम आज से

**नई दिल्ली, आइएएनएस :** क्रेडिट और डेबिट कार्ड इस्तेमाल करने वाले सतर्क हो जाएं। आज से क्रेडिट और डेबिट कार्ड के इस्तेमाल से जुड़े कई नियम बदल रहे हैं। कार्ड से लेनदेन को ज्यादा सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने जनवरी में नए नियमों का एलान किया था, जो सोमवार से प्रभावी हो रहे हैं। नए नियमों से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों तरह के लेनदेन प्रभावित होंगे।

नए नियमों के तहत 16 मार्च या इसके बाद जारी होने वाले सभी क्रेडिट व डेबिट कार्ड पर ऑनलाइन, कार्डलेस या अंतराष्ट्रीय लेनदेन की सुविधा डिफॉल्ट तौर पर बंद रहेगी। अगर ग्राहक इन सुविधाओं का प्रयोग करना चाहेंगे, तो उन्हें इंटरनेट या मोबाइल बैंकिंग के जरिये इसे शुरू कराना होगा। इसके अलावा ऐसे पुराने कार्ड जिन पर अब तक ऐसा कोई लेनदेन नहीं हुआ है, उनमें भी ये सेवाएं बंद हो जाएंगी, जिसे ग्राहक अपनी इच्छा से शुरू करा सकेंगे। जो लोग कार्ड से ऐसे लेनदेन करते रहे हैं, उनके कार्ड पर प्रभाव नहीं पड़ेगा। ग्राहक चाहें तो इन सुविधाओं को बंद करा सकेंगे। आरबीआइ ने बैंकों को निर्देश दिया है कि वे ग्राहकों को मोबाइल बैंकिंग, नेट बैंकिंग के जरिये उनकी बैंक सेवाओं को ऑन या ऑफ करने का विकल्प मुहैया कराएं। अगर ग्राहक कार्ड के संबंध में किसी तरह का परिवर्तन करता है तो बैंक उसे मोबाइल संदेश या ई-मेल के जरिये सूचित करेंगे। कार्ड प्रदाताओं को निर्देश दिया गया है कि वे सभी कार्डधारकों को उनके कार्ड की सेवाएं बंद करने, शुरू करने और लेनदेन की सीमा निर्धारित करने की सुविधा प्रदान करें।

### पहाड़ों पर ठंड से राहत नहीं, दो दिन बाद फिर कड़े होंगे तेवर

**शिमला :** उत्तर भारत में होली बीतने के



बावजूद मौसम ठंडा बना हुआ है। पहाड़ों पर रविवार को बारिश और ओलावृष्टि से कुछ राहत जरूर मिली, लेकिन ठंड अब भी बनी हुई है। हिमाचल प्रदेश में रविवार को मौसम साफ रहने से लोगों को ठंड से थोड़ी राहत मिली है, लेकिन अनुमान है कि यह राहत ज्यादा दिनों तक नहीं रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार और मंगलवार को मौसम साफ रहेगा लेकिन उसके बाद फिर मौसम के तेवर कड़े रहेंगे। (पेज-7)

## उत्तर प्रदेश में संपत्ति की क्षतिपूर्ति के लिए तीन महीने में करना होगा आवेदन

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

राजनीतिक जुलूसों, विरोध प्रदर्शनों, आंदोलनों के दौरान सार्वजनिक और निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने वालों से क्षतिपूर्ति वसूलने के लिए उप्र सरकार संपत्ति क्षय दावा अधिकरणों का गठन करेगी। दावा अधिकरण को सिविल न्यायालय की सभी शक्तियां प्राप्त होंगी और वह उसी रूप में काम करेगा। उसका फैसला अंतिम होगा और उसके खिलाफ किसी न्यायालय में अपील नहीं की जा सकेगी। क्षतिपूर्ति पाने के लिए संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की घटना के तीन माह के अंदर दावा अधिकरण के समक्ष आवेदन करना होगा। आवेदन में 30 दिन के विलंब को अधिकरण माफ कर सकता है, यदि आवेदक इसकी वाजिब वजह बताता है।

हड़ताल, बंद, दंगों और लोक उपद्रव के कारण सार्वजनिक और निजी संपत्तियों को हुए नुकसान की भरपाई कराने के लिए बनाया गया 'उत्तर प्रदेश लोक तथा निजी संपत्ति क्षति वसूली अध्यादेश 2020' रविवार को लागू हो गया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की मंजूरी के बाद यह अध्यादेश सरकारी गजट में अधिसूचित हो गया। अध्यादेश को लागू करने के लिए सरकार नियमावली बना सकती है।

अध्यादेश के मुताबिक संपत्ति को नुकसान की एफआइआर पर आधारित संबंधित पुलिस क्षेत्राधिकारी की रिपोर्ट व एकत्र की गई अन्य सूचनाएं प्राप्त होने पर डीएम या पुलिस कमिश्नर को लोक संपत्ति को क्षति पहुंचाए जाने की तारीख से तीन माह के अंदर अधिकरण के समक्ष दावा याचिका दाखिल करने के लिए कदम उठाना होगा। वहीं क्षतिग्रस्त हुई निजी संपत्ति के मालिक को संबंधित थानाध्यक्ष या थाना प्रभारी से ऐसी रिपोर्ट की प्रति हासिल करने के बाद अपनी दावा याचिका तीन माह के अंदर दाखिल करनी होगी।


याचिका संग लगेगी 25 रु. की स्टांप फीस पेज>>10

# सार्क की वीडियो कांफ्रेंस में इमरान ने भेजा दागी

**उठे सवाल**

जीवनरक्षक मास्क अवैध तरीके से चीन को बेचने के आरोप में घिरे हैं डॉ. जफर मिर्जा, एफआइए ने शुरू की जांच, प्रधानमंत्री शिकायत प्रकोष्ठ को भेजी गई थी शिकायत

**जागरण न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली**



डॉ. जफर मिर्जा फाइल फोटो

कोरोना पर बैठक में शामिल जफर मिर्जा पर दो करोड़ मास्क की तस्करी का आरोप

कोरोना वायरस के संक्रमण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से आहूत सार्क देशों के राष्ट्राध्यक्षों की वीडियो कांफ्रेंसिंग में पाकिस्तान ने अपने जिस प्रतिनिधि को भेजा वह असल में दागी हैं। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान के स्वास्थ्य मामलों में विशेष सहायक डॉ. जफर मिर्जा के खिलाफ पाकिस्तान में ही तस्करी में लिप्त होने का मामला चल रहा है। मिर्जा वही शख्स हैं जिन्हें पाक की ओर से कोरोना की त्रासदी पर राह निकालने के लिए सार्क की कांफ्रेंस में भेजा गया, लेकिन वह अपने ही देश में इस समस्या को बढ़ाने के इल्जाम से जूझ रहे हैं।

पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान की संघीय जांच एजेंसी (एफआइए) ने डॉ. जफर मिर्जा के खिलाफ दो करोड़ फेस मास्क (एन-95 मास्क) की तस्करी में लिप्त होने के आरोपों की जांच शुरू कर दी है। उन पर आरोप है कि उन्होंने यह मास्क विदेश भेजे हैं। पाकिस्तान के टीवी चैनल कैपिटल टीवी की एक रिपोर्ट के मुताबिक जफर पर आरोप है कि कोरोना वायरस से बचाव में कारगर यह मास्क उन्होंने चीन को अवैध तरीके से बेच दिए हैं। जफर मिर्जा ने कुछ दिन पहले वुहान में फंसे पाकिस्तानी छात्रों के लिए कहा था कि क्षेत्र और देशहित में उनका वहीं रहना बेहतर है। मिर्जा एक पाकिस्तानी नेता हैं, जो फिलहाल पाकिस्तान के स्वास्थ्य राज्यमंत्री हैं और उन्हें पिछले साल 23 अप्रैल को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का स्वास्थ्य मामलों का सहायक भी नियुक्त किया गया है।

**एफआइए ने 15 दिनों में मांगी है जांच रिपोर्ट :** एफआइए की जारी अधिसूचना के अनुसार इस्लामाबाद जोन में इस जांच एजेंसी के निदेशक ने तत्काल इस मामले में लगाए गए आरोपों की जांच कर 15 दिनों के अंदर रिपोर्ट देने को कहा है। साथ ही तत्काल उस रिपोर्ट पर कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया है। शिकायतकर्ता के अनुसार दो करोड़ मास्क पाकिस्तान के बाहर बेच दिए गए हैं। बताया जाता है कि ऐसा खुद मिर्जा ने पाकिस्तान की ड्रग रेगुलेटरी अथारिटी (डीआरएपी) के उप निदेशक गजनफर अली खान की मिलीभगत से किया है। यह शिकायत यंग फार्मासिस्ट एसोसिएशन के महासचिव डॉ. फुरकान इब्राहिम ने प्रधानमंत्री शिकायत प्रकोष्ठ में की है।

**पाकिस्तान में मास्क की भारी किल्लत :** पाकिस्तान में कोरोना वायरस का संक्रमण बढ़ने के साथ ही वहां के बाजारों में रेस्पिरेटरी मास्क की भारी किल्लत हो गई है। कुछ ही दुकानों पर यह मास्क बेहद ऊंचे दामों पर बिक रहे हैं।

पाकिस्तान के मेडिकल स्टोरों के मालिकों के अनुसार इन मास्कों की खासी कमी के चलते एक व्यक्ति को केवल एक ही मास्क बेचा जा रहा है। जबकि पाकिस्तान सरकार कह रही है कि घबराने की जरूरत नहीं, हालात काबू में हैं। पाकिस्तान सरकार का यह भी दावा है कि रेस्पिरेटरी मास्क की आपूर्ति की स्थिति नियंत्रण में है।

VISIONIAS
INSPIRING INNOVATION
ऑनलाइन कक्षाएं भी उपलब्ध

फाउंडेशन कोर्स
सामान्य अध्ययन 2021
DELHI 18 Feb | 22 Apr

इनोवेटिव क्लासरूम प्रोग्राम के घटक
- प्रारंभिक, मुख्य परीक्षा और निबंध के लिए महत्वपूर्ण सभी टॉपिक का विस्तृत कवरेज
- मौलिक अवधारणाओं की समझ के विकास एवं विश्लेषणात्मक क्षमता निर्माण पर विशेष ध्यान
- निबंध लेखन - शैली, PT 365, Mains 365, सीसैट कक्षाएं
- मुख्य परीक्षा, निबंध, PT, सीसैट टेस्ट सीरीज

PT 365
1 वर्ष का करेंट अफेयर्स
प्रीलिम्स 2020 के लिए मात्र 60 घंटे में
ENGLISH Medium 2 Apr 5 PM | हिन्दी माध्यम 7 Apr 5 PM

अभ्यास प्रीलिम्स 2020
ऑल इंडिया GS प्रीलिम्स मॉक टेस्ट (ऑफलाइन)
- ऑल इंडिया रैंकिंग एवं अन्य विद्यार्थियों के साथ विस्तृत तुलनात्मक विवरण
- सुधारात्मक उपायों एवं प्रदर्शन में सतत सुधार हेतु Vision IAS द्वारा टेस्ट उपरांत विश्लेषण™
- हिंदी/अंग्रेजी में उपलब्ध
65 शहरों में
5, 19 APRIL & 3 MAY
पंजीकरण करें www.visionias.in/abhyaas

DELHI
• 635, Opp. Signature View Apartments, Banda Bahadur Marg, Mukherjee Nagar
• 2nd Floor, Apsara Arcade, Near Metro Gate 6,1/8 B, Pusa Road, Karol Bagh
• Contact : 8468022022, 9019066066
JAIPUR 9001949244 | PUNE 8007500096 | HYDERABAD 9000104133 | AHMEDABAD 9909447040 | LUCKNOW 8468022022 | CHANDIGARH 8468022022